कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं. 07662-241655 ई-मेल - deanmcrewa@rediffmail.com
वेबसाईट- https://www.ssmcrewa.ac.in

क्रमांक 2599/स्था/अराज/एमसी/2026 रीवा, दिनांक 28/10/26

//सूचना//

कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल (म.प्र.) द्वारा आयोजित "समूह–05 संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2026" के अंतर्गत कार्यालयीन सूचना क्र. 23184/स्था/अराज/एमसी/2026, रीवा, दिनांक 29.09.2026 द्वारा मूल दस्तावेजों के परीक्षणोपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी।

उक्त सूचना के अनुक्रम में प्राप्त दावा/आपत्तियों के निराकरण उपरांत स्क्रूटनी समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट जारी की जाती है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार (02 पृष्ठ)।

28/10/2026

(डॉ. शशिधर प्रसाद गर्ग)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

दिनांक 28.10.2026

OFFICE OF THE DEAN 24735 28-10-26

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

विषयः– समूह–05 परीक्षा, 2026 के अंतर्गत प्राप्त दावा/आपत्तियों के निराकरण के संबंध में

–––000–––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि समूह–05 परीक्षा, 2026 के अंतर्गत मेरिट सूची में रहे अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों के परीक्षणोपरांत पात्र/अपात्र/अन्य अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी।

उक्त सूची में अपात्र घोषित किए गए निम्नलिखित अभ्यर्थियों द्वारा अपनी पात्रता के संबंध में दावा/आपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं, जिनका निराकरण निम्नानुसार हैः–

स.क्र.	अभ्यर्थी का नाम एवं आवेदित पद का नाम	दावा/आपत्ति का निराकरण
1.	श्री शैलेन्द्र चतुर्वेदी (ऑप्टोमेट्रिस्ट)	• मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित समूह–05 संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2026 के अंतर्गत ऑप्टोमेट्रिस्ट (पद कोड–35) के पद हेतु निर्धारित **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** निम्नानुसार हैः– (1) अभ्यर्थी ने बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स विषयो में 10+2 प्रणाली में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की हो। (2) मान्यता प्राप्त संस्था से डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री एवं रिफ्रेक्शन उत्तीर्ण। (3) मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन। • अभ्यर्थी द्वारा मूल दस्तावेजों के परीक्षण में प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजः– (1) बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स विषयो में 10+2 प्रणाली में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण। (2) पैरा मेडिकल डिप्लोमा इन ऑप्थलमिक असिस्टेंट। (3) पैरा मेडिकल डिप्लोमा इन ऑप्थलमिक असिस्टेंट का मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन। • अतः बिन्दु क्र. 01 में उल्लेखित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (2) एवं (3) के अभाव में ऑप्टोमेट्रिस्ट के पद हेतु अपात्र घोषित किया गया है।
2.	प्रवीणा साकेत (कैथ लैब टेक्नीशियन)	• मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित समूह–05 संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2026 के अंतर्गत कैथ लैब टेक्नीशियन (पद कोड–36) के पद हेतु निर्धारित **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** निम्नानुसार हैः– (1) अभ्यर्थी ने बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स विषयो में 10+2 प्रणाली में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की हो। (2) मान्यता प्राप्त संस्था से कैथ लैब टेक्नीशियन का दो वर्षीय डिप्लोमा। (3) मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन। • उक्त परीक्षा की नियमपुस्तिका के अध्याय–3, खण्ड–अ की कंडिका 3.2 (i) के अनुसार "आवेदक के पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं आवेदन पत्र भरने की तिथि को अनिवार्य रूप से पूर्ण होने चाहिए।" • अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 29.05.2026 को मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् में पंजीयन कराया गया है। • उक्त कंडिका के अनुसार आवेदन भरने की तिथि को 22.03.2026 अभ्यर्थी के पास कैथ लैब टेक्नीशियन के पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (3) "मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन" नहीं होने के कारण अपात्र घोषित किया गया है।

क्रमशः पेज...02

27/10/26. 27/10/26 27/10/26

3.	श्री राहुल कुमार मिश्रा (डायलिसिस टेक्नीशियन)	• मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित समूह–05 संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2026 के अंतर्गत डायलिसिस टेक्नीशियन (पद कोड–38) के पद हेतु निर्धारित **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** निम्नानुसार है:– (1) अभ्यर्थी ने बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स विषयो में 10+2 प्रणाली में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की हो। (2) मान्यता प्राप्त संस्था से डायलिसिस टेक्नीशियन का डिप्लोमा। (3) मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन। • उक्त परीक्षा की नियमपुस्तिका के अध्याय–3, खण्ड–अ की कंडिका क्र. 3.2 (i) के अनुसार "आवेदक के पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं आवेदन पत्र भरने की तिथि को अनिवार्य रूप से पूर्ण होने चाहिए।" • अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 16.07.2026 को मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् में पंजीयन कराया गया है। • उक्त कंडिका के अनुसार आवेदन करने की तिथि 29.03.2026 को अभ्यर्थी के पास डायलिसिस टेक्नीशियन के पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (3) "मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन" नहीं होने के कारण अपात्र घोषित किया गया है।
4.	श्री आशीष यादव (डायलिसिस टेक्नीशियन)	• मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित समूह–05 संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2026 की नियमपुस्तिका के अध्याय–1 की कंडिका 3 के अनुसार (संविदा नीति 2023) के अनुसार केवल ऐसे अभ्यर्थी संविदा आरक्षण के पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र हैं, जिसके पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता हो एवं 05 वर्ष तक संविदा आधार पर नियुक्त रहा हो। • अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण, Apex Kidney Care Pvt. Ltd द्वारा जारी नियुक्ति आदेश एवं सैलरी स्टेटमेंट से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी की नियुक्ति Apex Kidney Care Pvt. Ltd. के अधीन आउटसोर्स नियोजन के तहत् सिविल अस्पताल, खुरई, जिला सागर (म.प्र.) में नियुक्त थे। • अतः अभ्यर्थी के पास मूल दस्तावेजों के परीक्षण के समय डायलिसिस टेक्नीशियन के पद पर 05 वर्ष तक संविदा आधार पर कार्यरत् होने का अनुभव प्रमाण पत्र न होने के कारण अपात्र घोषित किया गया है।

27/10/26

(डॉ. आरती अखण्ड)
सहायक प्राध्यापक,
माइक्रोबायोलॉजी विभाग
(सदस्य)

27/10/26

(डॉ. जगन्नाथ जाटव)
सह–प्राध्यापक (नामित),
पैथोलॉजी विभाग
(सदस्य)

27/10/26

(डॉ. ज्योति द्विवेदी)
प्राध्यापक (नामित),
बायोकेमिस्ट्री विभाग
(अध्यक्ष)

28/10/26

Dean
S. S. Medical College
Rewa (M.P.)